हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, सोमवार 11 मई 2026

[ बलौदाबाजार | भाटापारा | खरोरा | लवन | कसडोल | पलारी-अमेरा | बिलाईगढ़ | संडी बंगला ]

तापमान

अधिकतम 38.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

11 आवास निर्माण तेज, पक्के घर की आस में पसीना ..



12 आकर्षण का केंद्र बना गुलमोहर का फूल ...



हरिभूमि
सुनहरा मौका
सुनिश्चित उपहार 2026
सामान्य कूपन
11 मई 2026
कूपन नं.
1

# मालवाहकों में सवारियां ढोने का सिलसिला जारी

## कार्रवाई के बावजूद बेखौफ हैं ड्राइवर, जिम्मेदार बने लापरवाह

हरिभूमि न्यूज ▸▸ लवन

क्षेत्र में यातायात नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए मालवाहक वाहनों में सवारियां ढोने का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। पुलिस द्वारा लगातार चालानी कार्रवाई के बावजूद वाहन चालक बेखौफ होकर लोगों की जान जोखिम में डाल रहे हैं। शादी-ब्याह के सीजन में यह समस्या और बढ़ गई है, जहां पिकअप, ट्रैक्टर और अन्य मालवाहक वाहनों में महिला, बच्चों को ठूंस-ठूंस कर सवारियां ले जाई जा रही हैं। बढ़ती दुर्घटनाओं के बावजूद प्रशासन की कार्यवाही असरहीन साबित हो रही है। जिले के सभी तीनों पुलिस अनुभाग के क्षेत्रों में सड़क सुरक्षा को लेकर स्थिति चिंताजनक बनी ▸▸ शेष पेज 11 पर

### प्रशासनिक बैठकों का नहीं दिख रहा असर

ऐसी कुछ बड़ी हादसा होने के बाद जिला प्रशासन द्वारा चालकों और मालिकों की बैठकें आयोजित की जाती है, जिसमें उन्हें नियमों का पालन करने की समझाइश और कार्यवाही की बात की जाती है। लेकिन ये बैठकें केवल औपचारिकता बनकर रह गई। जमीनी स्तर पर कोई ठोस असर देखने को नहीं मिला, जिससे यह स्पष्ट होता है कि केवल समझाइश से समस्या का समाधान संभव नहीं है।





### दुर्घटना के बाद ही जागता है सिस्टम

अक्सर देखा गया है कि जब कोई बड़ी दुर्घटना होती है, तभी प्रशासन सक्रिय होता है और कुछ दिनों तक सख्ती दिखाई जाती है। इसके बाद फिर वही पुराना ढर्रा शुरू हो जाता है। वर्तमान स्थिति को देखते हुए जरूरी है कि प्रशासन लगातार निगरानी रखे और सख्त कार्रवाई करे, ताकि लोगों की जान के साथ खिलवाड़ करने वालों पर अंकुश लगाया जा सके।

### कार्रवाई के बावजूद जारी लापरवाही

पुलिस द्वारा लगातार चालानी कार्यवाही किए जाने के बावजूद मालवाहक वाहनों में सवारियां ढोने का सिलसिला जारी है। वाहन चालक नियमों की अनदेखी करते हुए लोगों की जान को जोखिम में डाल रहे हैं। कार्यवाही के डर के बावजूद वे नए-नए तरीके अपनाकर पुलिस से बच निकलते हैं। यह स्थिति दर्शाती है कि केवल चालान करना पर्याप्त नहीं है, बल्कि सख्त निगरानी और कठोर दंड की आवश्यकता है, ताकि इस खतरनाक प्रवृत्ति पर रोक लगाई जा सके।शादी-ब्याह में बढ़ा जोखिम शादी-ब्याह के सीजन में यह समस्या और अधिक बढ़ जाती है। ग्रामीण क्षेत्रों में लोग बारात और अन्य कार्यक्रमों के लिए मालवाहक वाहनों का उपयोग कर रहे हैं। इन वाहनों में क्षमता से अधिक सवारियां बैठाई जाती हैं, जिससे हादसे का खतरा कई गुना बढ़ जाता है। सुबह से देर रात तक ऐसे वाहन सड़कों पर दौड़ते न नजर आते हैं, लेकिन इस पर रोक लगाने में प्रशासन पूरी तरह सफल नहीं हो पा रहा है।

## खबर संक्षेप

### अभा कुर्मी महासभा युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश संगठन मंत्री बने राहुल

**पलारी।** अखिल भारतीय कुर्मी क्षत्रिय महासभा के स्थापना के 132 वर्षों की गौरवशाली परंपरा और सामाजिक एकता के प्रतीक संगठन को और अधिक सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। महासभा के प्रदेशाध्यक्ष चंद्रभूषण वर्मा के मार्गदर्शन में युवा प्रदेश अध्यक्ष मिलिंद चंद्राकर द्वारा छत्तीसगढ़ के युवा प्रदेश पदाधिकारियों व कार्यकारिणी नियुक्ति की घोषणा की है। पलारी अंचल के सामाजिक कार्यकर्ता एवं युवा भाजपा नेता राहुल चन्द्राकर को प्रदेश संगठन मंत्री पद का कार्यभार सौंपा गया है। राहुल चन्द्राकर के माताजी पूर्व में चन्द्रनाहु कुर्मी क्षत्रिय समाज के केंद्रीय कार्यकारिणी सदस्य के रूप में रह चुके हैं। उनके इस नियुक्ति पर सर्व कुर्मी समाज में हर्ष व्यक्त किया है। महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिलने से राहुल चन्द्राकर ने अखिल भारतीय कुर्मी महासभा को पूर्ण विश्वास दिलाया वे अपने दायित्वों का निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ निर्वहन करते हुए संगठन की गरिमा को बनाए रखेंगे तथा समाज को नई ऊंचाइयों तक ले जाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।



### चलती बस में लगी आग, बड़ी दुर्घटना टली

**रायपुर ।** पंडरी थाना क्षेत्र के वीआईपी चौक जब्बार नाला के पास बलौदाबाजार जा रही सिटी बस में शनिवार को आग लग गई। हालांकी आग लगने से किसी के हताहत होने या किसी अनहोनी की घटना नहीं हुई। सिटी बस में लगी आग अचानक धधक उठी और उसने देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया, जिससे सड़क पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। आग लगने के कारणों का अब तक पता नहीं चल पाया है। आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है। बस में आग लगने की घटना से सिटी बस सेवा की सुरक्षा व्यवस्थाओं पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बस में आग बुझाने के लिए कोई भी अग्निशमन उपकरण नहीं था। आग बुझाने के लिए फायर ब्रिगेड की टीम जब तक मौके पर पहुंची, बस जलकर पूरी तरह से खाक हो चुकी थी। बताया जा रहा है, बस के पिछले पहिया में अचानक धुंआ उठने के साथ आग निकलने लगी।

**लापरवाही :** नहर की सफाई नहीं होने से खेतों में घुस रहा पानी, ग्रामीणों में आक्रोश

# जल संसाधन विभाग की लापरवाही से बहा लाखों गैलन पानी, घरों और खेतों में घुसा नहर का जल

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बलौदाबाजार

भीषण गर्मी के बीच जहां एक ओर लोग बूंद-बूंद पानी के लिए परेशान हैं, वहीं जल संसाधन विभाग की लापरवाही के कारण सैकड़ों गैलन पानी व्यर्थ बह रहा है। विभाग द्वारा नहरों की समय पर सफाई नहीं कराए जाने और जल निकासी में अवरोध बने रहने से पानी खेतों और आसपास के घरों में घुस रहा है। इससे ग्रामीणों में भारी नाराजगी देखी जा रही है। जानकारी के अनुसार, जिला मुख्यालय के लिए महत्वपूर्ण माने जाने वाले छुहिया जलाशय को भरने हेतु बलौदाबाजार शाखा नहर से माइनर कैनाल के माध्यम से पानी छोड़ा गया था। लेकिन नहरों में जमी गंदगी और अवरोधों को समय रहते नहीं हटाए जाने के कारण पानी का प्रवाह बाधित हो गया। परिणामस्वरूप पानी जलाशय तक पहुंचने के बजाय ग्राम सोनपुरी सहित आसपास के क्षेत्रों के खेतों और निचले हिस्सों में स्थित मकानों में भरने लगा। ग्रामीणों का आरोप है कि पिछले दो दिनों से लगातार विभागीय अधिकारियों और कर्मचारियों को इसकी सूचना दी जा रही है, लेकिन समस्या के समाधान के लिए कोई ठोस पहल नहीं की गई। लोगों का कहना है कि शासन द्वारा पानी छोड़े जाने से पहले नहरों की साफ-सफाई और अवरोध हटाने के स्पष्ट निर्देश दिए गए थे, इसके बावजूद विभागीय अमले ने गंभीरता नहीं दिखाई।

स्थानीय लोगों के अनुसार, अव्यवस्था के चलते बड़ी मात्रा में पानी खेतों में फैलकर व्यर्थ बह गया। किसानों को आशंका है कि इससे फसलों और भूमि को भी नुकसान पहुंच सकता है। वहीं, कई घरों में पानी घुसने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।





### शहर के लिए संजीवनी है छुहिया जलाशय

नगरवासियों के लिए महत्वपूर्ण है छुहिया जलाशय छुहिया जलाशय गर्मी के दिनों में जिला मुख्यालय और आसपास के क्षेत्रों में भू-जल स्तर बनाए रखने के साथ जल संकट से राहत दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इस जलाशय को बीबीसी नहर और बलौदाबाजार माइनर कैनाल से भरा जाता है, जिससे शहर के कई इलाकों को अप्रत्यक्ष रूप से लाभ मिलता है। ऐसे में पानी की इस प्रकार बर्बादी ने विभागीय कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

# ट्रैक्टर का कैचव्हील की चोरी, तीन गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▸▸ सिमगा

क्षेत्र में चोरी की वारदातों पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुए ट्रैक्टर के कलपुर्जे चोरी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश किया है। ग्राम संजारी नवागांव में हुई चोरी के मामले में पुलिस ने महज कुछ ही दिनों के भीतर तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर चोरी का सामान बरामद कर लिया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी शेखर साहू निवासी ग्राम संजारी नवागांव द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि 03 एवं 04 मई के मध्य रात्रि उसके घर से लगे ब्यारा में रखे तीन ट्रैक्टर के कैच व्हील कीमती 30,000 को किसी अज्ञात आरोपी द्वारा चोरी कर लिया गया है। जिस पर पुलिस द्वारा अपराध दर्ज कर धारा 303(2),3(5) बीएनएस का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। पुलिस द्वारा बीट सिस्टम के तहत उच्च दक्षता एवं प्रभावी आसूचना संकलन कर ग्राम गणेशपुर निवासी 03 आरोपियों जिनमें अरविंद मसीह उम्र 23 वर्ष निवासी ग्राम गणेशपुर थाना सिमगा, राहुल मसीह उम्र 24 वर्ष निवासी ग्राम गणेशपुर थाना सिमगा, अभिषेक मसीह उम्र 30 वर्ष निवासी ग्राम गणेशपुर थाना सिमगा को हिरासत में लेकर आरोपियों से चोरी का 30,000 कीमत मूल्य का 03 नग कैच व्हील बरामद किया। तथा चोरी की घटना में प्रयुक्त टीवीएस मोटर साइकिल भी जप्त किया है। आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है।

# शहर कांग्रेस कमेटी की नई कार्यकारिणी घोषित

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बलौदाबाजार

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज के मार्गदर्शन तथा प्रदेश महामंत्री मलकित सिंह गेंदु एवं जिला अध्यक्ष सुमित्रा धृतलहरे की अनुशंसा पर शहर कांग्रेस कमेटी की नवीन कार्यकारिणी घोषित की गई। शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष प्रवीण सेन ने कार्यकारिणी की सूची जारी की है।



श्री सेन ने कहा कि नई कार्यकारिणी संगठन को मजबूती प्रदान करने के साथ कांग्रेस पार्टी की रीति-नीति एवं जनहित के मुद्दों को आम जनता तक पहुंचाने का कार्य करेगी। उन्होंने सभी पदाधिकारियों से संगठनात्मक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी निभाने तथा पार्टी को और अधिक सशक्त बनाने के लिए समर्पण भाव से कार्य करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि नवगठित कार्यकारिणी में अनुभवी एवं सक्रिय कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौंपी गई है, जिससे संगठन को नई ऊर्जा और मजबूती मिलने की उम्मीद है।

इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने भी सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए संगठन के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# जनपदों में लगेंगे भर्ती काउंसलिंग शिविर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बलौदाबाजार

जिले के शिक्षित बेरोजगार युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने जिला प्रशासन द्वारा लगातर प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। कलेक्टर कुलदीप शर्मा के निर्देशानुसार शिक्षित बेरोजगार युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सभी जनपद पंचायत मुख्यालय में काउंसलिंग शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिला कौशल विकास प्राधिकरण से प्राप्त जानकारी के अनुसार एसआईएस लिमिटेड जशपुर द्वारा जिले के बेरोजगार युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जनपद स्तर पर काउंसलिंग, पंजीयन एवं भर्ती शिविर का आयोजन किया जाएगा।काउंसलिंग कैम्प में चयनित युवाओं को प्रशिक्षण उपरांत शत प्रतिशत रोजगार प्रदाय किया जायेगा जिसमें चयनित अभ्यर्थियों को सुरक्षाकर्मी के रूप में नियुक्त कर 15,000 से 25,000 तक का मासिक वेतन दिया जाएगा। काउंसलिंग कैम्प 18 मई को जनपद पंचायत पलारी में, जनपद पंचायत सिमगा में 19 मई, जनपद ▸▸ शेष पेज 11 पर

# 1500 नग विभिन्न फ्लेवर के आइस कैंडी का विनष्टीकरण

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बलौदाबाजार

कलेक्टर कुलदीप शर्मा के निर्देशानुसार सही दवा शुद्ध आहार यही छत्तीसगढ़ का आधार अभियान के तहत खाद्य सुरक्षा टीम द्वारा जिले में जांच अभियान चलाया जा रहा हैं। लेबलिंग नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर लगभग 1500 नग विभिन्न फ्लेवर के आइस कैंडी को नष्ट करवाया गया। जांच टीम द्वारा शनिवार को महामाया पान मसाला भाटापारा, जय मां अम्बे आइस कैंडी सेल्स भाटापारा, गुप्ता किराना स्टोर तरेंगा, गुलाब फैमिली ढाबा लिमतरा, आनंद फैमिली रेस्टोरेंट लिमतरा, गो हाईवे रेस्टोरेंट चंदेरी, चूल्हा चौकी रेस्टोरेंट चंदेरी का निरीक्षण किया गया। गुप्ता किराना स्टोर तरेंगा में लेबलिंग



नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर लगभग 1500 नग विभिन्न फ्लेवर के आइस कैंडी को नष्ट करवाया गया। निरीक्षण किया गये सभी ढाबा एवं रेस्टोरेंट को खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम से संबंधित सभी आवश्यक दस्तावेज, मेडिकल फिटनेस सर्टिफिकेट, पेस्ट कंट्रोल सर्टिफिकेट, वॉटर टेस्ट सर्टिफिकेट कार्यालय में प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए।

## आदिवासी कांग्रेस की कार्यकारणी बैठक में शामिल हुए इन्द्र साव

# आदिवासी समाज को कांग्रेस से जोडने पर दिया जोर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भाटापारा

जिला आदिवासी कांग्रेस की कार्यकारिणी की बैठक स्थानीय कांग्रेस भवन एवं चितावर मंदिर प्रांगण, कामता में जिला अध्यक्ष विशाल ध्रुव की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में संगठन को सशक्त बनाने एवं आदिवासी समाज को कांग्रेस की मुख्यधारा से जोड़ने पर विशेष जोर दिया गया। बैठक में विधायक इन्द्र साव ने भी शिरकत की। उन्होंने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि आदिवासी समाज हमेशा से कांग्रेस पार्टी के साथ रहा है, लेकिन पिछले चुनाव में आदिवासी बहुल क्षेत्रों में पार्टी की हार चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि इस परिणाम से सबक लेते हुए पुनः आदिवासी समाज का विश्वास जीतने के लिए संगठित प्रयास करना होगा, जिसमें प्रत्येक कार्यकर्ता की भूमिका अहम होगी। विधायक ने कहा कि आप सभी की मेहनत और आशीर्वाद से भाटापारा सीट जीतने में सफलता मिली, किंतु सरगुजा एवं बस्तर क्षेत्रों में हार के कारण प्रदेश में सरकार नहीं बन पाई। उन्होंने वर्तमान में प्रदेश में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व वाली सरकार पर आदिवासी विरोधी नीतियां अपनाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि हसदेव अरण्य और बस्तर के जंगलों की कटाई जैसे मामलों में सरकार उद्योगपतियों के हितों को प्राथमिकता दे रही है, जबकि आदिवासी समाज सदैव जल, जंगल और जमीन की रक्षा करते आया है।



### संगठन की मजबूती ही कांग्रेस की सबसे बड़ी ताकत

इसके पश्चात जिला अध्यक्ष विशाल ध्रुव ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि संगठन की मजबूती ही कांग्रेस की सबसे बड़ी ताकत है। उक्त बैठक में विधायक प्रतिनिधि शैली भाटिया, विकास पैकरा, नीरेन्द्र पैकरा, फूलसिंग कंवर, नरेश ध्रुव, रोमनाथ ध्रुव, लालू नेताम, डोमार सिंग पोर्ते, अशोक मरकाम, डेंगसिंग ध्रुव, समेलाल नेताम, डोमार सिंग नेताम सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।



## खबर संक्षेप



### महिला कांग्रेस की कार्यकारी अध्यक्ष संगीता से मिले बंजारे

**रायपुर।** जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण के जिला अध्यक्ष राजेंद्र "पप्पू" बंजारे ने महिला कांग्रेस की नव नियुक्त प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष संगीता सिन्हा से सौजन्य मुलाकात कर महिला कांग्रेस के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष पद की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिलने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रभारी महामंत्री संगठन मलकीत सिंह गेंदू विशेष रूप से उपस्थित रहे। मुलाकात के दौरान संगठन की मजबूती, महिला सशक्तिकरण, आगामी राजनीतिक गतिविधियों एवं जनहित से जुड़े मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई।

### कमार परिवार पीएम आवास के लिए दंडवत, कांग्रेस ने की श्वेत पत्र जारी करने की मांग

**रायपुर।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि गरियाबंद जिले, देवभोग के माडागांव के सुशासन तिहार में कमार परिवार ने प्रधानमंत्री आवास के लिए जिला पंचायत सीईओ के पैर पर गिर कर आवास की मांग की। यह घटना भाजपा सरकार के प्रधानमंत्री आवास पर किये गये दावों की जमीनी हकीकत है। उन्होंने कहा, कमार जनजाति विशेष संरक्षित जनजाति है, इन्हें राष्ट्रपति का दत्तक पुत्र कहा जाता है तथा सभी शासकीय योजनाओं के केंद्र बिंदु में इन्हें रखा जाता है। जब कमार जनजाति का परिवार अपने प्रधानमंत्री आवास के लिए अधिकारी के सामने दंडवत होने को मजबूर है, तो अंदाजा लगाया जा सकता है कि राज्य में प्रधानमंत्री आवास की क्या हकीकत होगी? यह घटना सरकार के लिए शर्मनाक है।

### व्याख्याता डॉ. मीना को मिशन उत्कर्ष सम्मान



**रायपुर।** बोर्ड परीक्षा परिणाम के सुधार के लिए जिला प्रशासन के विशेष शैक्षणिक अभियान में उत्कृष्ट कार्य के लिए डॉ. एसपी मुखर्जी शासकीय उमा. शाला की व्याख्याता डॉ. मीना शर्मा को मिशन उत्कर्ष सम्मान प्रदान किया है। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी कुमार बिश्वरंजन से प्रशस्ति पत्र देकर उन्हें सम्मानित किया। इस अभियान का उद्देश्य 10वीं-12वीं की बोर्ड परीक्षाओं में शत-प्रतिशत परिणाम सुनिश्चित करना, छात्रों के अंक बढ़ाना और शिक्षकों को प्रशिक्षित करके शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार करना है। मिशन उत्कर्ष की रणनीति में डेटा-आधारित दृष्टिकोण, मासिक जांच परीक्षा और कमजोर छात्रों के लिए विशेष कक्षाओं का आयोजन शामिल है। इसके दूसरे चरण में शिक्षकों के लिए नए ब्लूप्रिंट और गुणवत्तापूर्ण शिक्षण पर 5 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम शामिल हैं। यह कार्यक्रम जिला प्रशासन और अदाणी फाउंडेशन की साझेदारी में रायपुर में चलाया जा रहा है।

### जनगणना में ओबीसी वर्ग की उपेक्षा दुर्भाग्यपूर्ण : कांग्रेस

**रायपुर।** जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण के जिला अध्यक्ष राजेंद्र पप्पू बंजारे ने जनगणना में अन्य पिछड़ा वर्ग की अलग से गणना नहीं किए जाने पर केंद्र की भाजपा सरकार पर हमला बोला है। उन्होंने कहा, जनगणना के लिए पूछे जा रहे 33 प्रश्नों में अनुसूचित जाति, जनजाति एवं सामान्य वर्ग का उल्लेख है, लेकिन देश की बड़ी आबादी वाले ओबीसी वर्ग को जानबूझकर नजरअंदाज किया गया है। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री स्वयं को पिछड़ा वर्ग का बताकर राजनीतिक लाभ लेते हैं, लेकिन जब ओबीसी समाज की वास्तविक भागीदारी, संख्या और अधिकार सुनिश्चित करने की बात आती है तो भाजपा सरकार पीछे हट जाती है। यह जनगणना स्पष्ट करती है कि भाजपा की कथनी और करनी में जमीन-आसमान का अंतर है।

---

किसानों के हक के लिए मंत्री रामविचार नेताम का ऐतिहासिक कदम

# सरगुजा संभाग के 28 करोड़ के बैंक घोटाले की जांच करेगी ईडी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सरगुजा संभाग के जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित, अंबिकापुर की शंकरगढ़ और कुसमी शाखाओं में हुए लगभग 28 करोड़ रुपये के वित्तीय घोटाले और मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में ईडी ने बैंक को पत्र जारी कर विस्तृत जानकारी तलब की है, जिससे बड़े चेहरे बेनकाब होने की संभावना है। मामले में अब तक की जांच में यह स्पष्ट हुआ है कि बैंक कर्मियों ने आदिम जाति सहकारी समिति, जमड़ी के नाम पर फर्जी खाता खोलकर करीब 19 करोड़ रुपये की हेराफेरी की। साथ ही मनरेगा और जनपद के बोगस खातों के माध्यम से आरटीजीएस कर राशि निजी संस्थाओं को ट्रांसफर की गई। इस जालसाजी में अब तक बैंक के कुल 10 कर्मचारियों पर एफआईआर दर्ज की जा चुकी है।

### संज्ञान में आने पर मंत्री ने दी थी कड़ी हिदायत

आदिम जाति विकास एवं कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने इस मामने को न केवल उजागर किया, बल्कि इसके दोषियों को ढूंढ़ निकालने का संकल्प पूर्ण किया है। अपने क्षेत्र के किसानों की मेहनत की कमाई पर डाका डालने वालों के खिलाफ उनको जब ज्ञात हुआ कि बैंक कर्मचारियों ने मनरेगा और जनपद पंचायत के नाम पर फर्जी खाते खोलकर बलरामपुर जिले के भोले-भाले किसानों के साथ धोखाधड़ी की है, तो उन्होंने तत्काल संज्ञान लिया। मंत्री की कड़ी हिदायत पर तत्कालीन कलेक्टर एवं एसपी बलरामपुर-रामानुजगंज को दोषियों पर कठोरतम कार्रवाई के निर्देश दिए गए।



### सीएम ने उच्च स्तरीय जांच का दिया था आश्वासन

मंत्री के दृढ़ संकल्प का ही परिणाम है कि आज जिला सहकारी बैंक मर्यादित, अंबिकापुर, प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की जांच के घेरे में है। उन्होंने किसानों की पीड़ा को अपनी पीड़ा समझा और छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इस पूरे प्रकरण की उच्च स्तरीय जांच कराने का आश्वासन दिया था।

### क्षेत्र के किसानों में हर्ष

मंत्री रामविचार नेताम के इस 'भ्रष्टाचार विरोधी अभियान' और किसानों के प्रति उनके इस सेवा भाव की पूरे प्रदेश में प्रशंसा हो रही है। उनके इस साहसिक निर्णय ने यह सिद्ध कर दिया है कि छत्तीसगढ़ में किसानों के हितों से खिलवाड़ करने वाले किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा।

---

## गंगरेल बांध की सुरक्षा से जुड़े कार्यों के लिए 65.50 करोड़ की प्रशासनिक स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश में सिंचाई संरचनाओं की सुरक्षा और जल प्रबंधन को सुदृढ़ बनाने की दिशा में राज्य शासन द्वारा लगातार प्रभावी कदम उठाया जा रहा है। इसी कड़ी में जल संसाधन विभाग द्वारा धमतरी जिले में स्थित रविशंकर सागर जलाशय (गंगरेल बांध) के गेटों की सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण कार्यों के लिए 65 करोड़ 50 लाख रुपए की प्रशासनिक स्वीकृति जारी की गई है।

■ गेटों की मरम्मत और आवश्यक कार्य कराए जाएंगे

जारी स्वीकृति के अनुसार जलाशय में एपॉक्सी ग्राउटिंग, फ्लेक्सिबल शाफ्ट हाई प्रेशर वाटर जेट से चोक व्हीपीडी की सफाई सहित अन्य आवश्यक मरम्मत एवं संरक्षण कार्य कराए जाएंगे। यह कार्य जलाशय की संरचनात्मक मजबूती, संचालन क्षमता और दीर्घकालिक सुरक्षा सुनिश्चित करने की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण माना जा रहा है। राज्य शासन द्वारा महानदी परियोजना के मुख्य अभियंता को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्ता के साथ पूर्ण किया जाए। कार्यों में वित्तीय अनुशासन, तकनीकी मापदंडों तथा पारदर्शी निविदा प्रक्रिया का पूर्ण पालन सुनिश्चित किया जाएगा। साथ ही कार्य की नियमित मॉनिटरिंग एवं गुणवत्ता परीक्षण भी किए जाएंगे, ताकि निर्माण कार्य उच्च मानकों के अनुरूप संपन्न हो सके।

### कार्यों में गुणवत्ता पर ध्यान

उल्लेखनीय है कि रविशंकर सागर जलाशय प्रदेश की बहुत पुरानी और प्रमुख सिंचाई परियोजनाओं में से एक है, जिससे कृषि, जलापूर्ति और क्षेत्रीय विकास को व्यापक लाभ मिलता है। स्वीकृत कार्यों के पूर्ण होने से जलाशय की कार्यक्षमता और सुरक्षा में और अधिक मजबूती आएगी, जिससे किसानों एवं आमजन को दीर्घकालिक लाभ प्राप्त होगा। जल संसाधन विभाग द्वारा यह भी निर्देशित किया गया है कि कार्यों के क्रियान्वयन में सभी तकनीकी एवं प्रशासनिक प्रावधानों पालन सुनिश्चित किया जाए तथा कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए।

# भाजपा प्रदेश पदाधिकारियों की 12 को बैठक, 13 को होगी प्रदेश कार्यसमिति

## राजनीतिक प्रस्ताव में नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर विपक्ष के खिलाफ निंदा प्रस्ताव भी लाया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



प्रदेश भाजपा संगठन की प्रदेश कार्यसमिति करीब पौने दो साल बाद अब जाकर तय हुई है। 13 मई को कार्यसमिति होगी, इसके एक दिन पहले 12 मई को प्रदेश पदाधिकारियों की बैठक में एजेंडा तय होगा। पहले यह कार्यसमिति 8 और 9 मई को होने वाली थी, लेकिन बंगाल में भाजपा सरकार के शपथ ग्रहण के कारण इसकी तिथि में बदलाव किया गया है।

कार्यसमिति में राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश आएंगे लेकिन ऐसा पहली बार होगा जब प्रदेश कार्यसमिति प्रदेश प्रभारी के बिना होगी, प्रदेश प्रभारी नितिन नवीन राष्ट्रीय अध्यक्ष बन गए हैं और उनका कार्यसमिति में आना संभव नहीं है। कार्यसमिति के राजनीतिक प्रस्ताव में नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर विपक्ष के खिलाफ निंदा प्रस्ताव भी लाया जाएगा। इसी के साथ छत्तीसगढ़ के नक्सलमुक्त होने पर केंद्र और राज्य सरकार के खिलाफ धन्यवाद प्रस्ताव भी लाया जाएगा।

प्रदेश कार्यसमिति हर तीन माह में करने का प्रावधान तो है, लेकिन इसके लिए सबसे अहम यह है कि राष्ट्रीय कार्यसमिति के बाद ही प्रदेश कार्यसमिति होती है। राष्ट्रीय कार्यसमिति में जो तीन माह की कार्ययोजना तय होती है, उसी पर प्रदेश कार्यसमिति में चर्चा होती है। इसके बाद जिलों और फिर मंडल में कार्यसमिति होती है। छत्तीसगढ़ में सितंबर 2024 में भाजपा के सदस्य अभियान से पहले प्रदेश कार्यसमिति हुई थी, इसके बाद से करीब पौने दोसाल से कार्यसमिति नहीं हुई है। किरण देव को भाजपा का पूर्वकालिक अध्यक्ष बने भी सवा साल से ज्यादा हो गए हैं, लेकिन उनके कार्यकाल में अब तक एक भी कार्यसमिति नहीं हो सकी है। जानकारों का कहना है कि पहले कभी इतने लंबे समय तक कार्यसमिति का इंतजार करना नहीं पड़ा था।

### विपक्ष के खिलाफ निंदा प्रस्ताव

*कार्यसमिति में सबसे अहम राजनीतिक प्रस्ताव रहता है। इसमें राष्ट्रीय स्तर के साथ ही प्रदेश स्तर का राजनीतिक प्रस्ताव लाया जाता है। इस बार राष्ट्रीय स्तर के राजनीतिक प्रस्ताव में नारी शक्ति वंदन अधिनियम के लोकसभा में पास न होने को लेकर विपक्ष के खिलाफ निंदा प्रस्ताव लाया जाएगा। प्रदेश महामंत्री नवीन मार्कंडेय ने बताया, प्रदेश में संगठनात्मक संरचना पूर्ण हो चुकी है। कार्यसमिति में 2028 के चुनाव पर भी चर्चा होगी। बूथ और शक्ति केंद्रों को और मजबूत करने की रणनीति बनेगी। दो राजनीतिक प्रस्ताव भी पारित किए जाएंगे। नक्सल मुक्त छत्तीसगढ़ पर धन्यवाद प्रस्ताव लाया जाएगा। महिला आरक्षण मुद्दे पर कांग्रेस और विपक्ष के खिलाफ निंदा प्रस्ताव लाएंगे।*

### न्यू सर्किट हाऊस में कल होगा जिला सम्मेलन

रायपुर। छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग द्वारा सिविल लाइंस स्थित न्यू सर्किट हाउस में 11 मई को जिला सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक जारी रहेगा। जिला सम्मेलन में रायपुर संभाग के सभी जिलों से आए छत्तीसगढ़ी एवं अन्य स्थानीय बोलियों के साहित्यकार प्रतिभागी होंगे एवं अन्य लोग उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री राजेश अग्रवाल होंगे। विशेष अतिथि सांसद बृजमोहन अग्रवाल, विधायक पुरंदर मिश्रा, विधायक अनुज शर्मा, संस्कृति विभाग के सचिव डॉ. रोहित यादव, विवेक आचार्य, संचालक, संस्कृति एवं राजभाषा एवं छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग के पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. रमेंद्रनाथ मिश्र होंगे। कार्यक्रम में स्वागत भाषण डॉ. अभिलाषा बेहार, सचिव छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग द्वारा तथा अध्यक्षीय भाषण आयोग के अध्यक्ष प्रभात मिश्रा द्वारा दिया जाएगा।

## नगरीय प्रशासन विभाग में इंजीनियरों का तबादला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने प्रशासनिक फेरबदल करते हुए कई वरिष्ठ इंजीनियरों के तबादला आदेश जारी किए हैं। आदेश के तहत राज्य के विभिन्न निकायों में पदस्थ कार्यपालन और सहायक अभियंताओं को नई जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं।

■ रायपुर-बिलासपुर समेत कई शहरों के अधिकारी बदले

राज्य शासन द्वारा जारी सूची के अनुसार लाल महेंद्र प्रताप सिंह कार्यपालन अभियंता को नगर निगम रायपुर से नगर निगम बिलासपुर भेजा गया है। इसी प्रकार दिनेश नेताम कार्यपालन अभियंता को कवर्धा से स्थानांतरित कर संयुक्त संचालक कार्यालय दुर्ग में पदस्थ किया गया है। अभियंताओं की नई पदस्थापना में बृजेश श्रीवास्तव सहायक अभियंता को कोण्डागांव से बिलासपुर और ललित कुमार त्रिवेदी सहायक अभियंता को भी बिलासपुर में प्रभारी कार्यपालन अभियंता की कमान सौंपी गई है। सीबी परगनिहा सहायक अभियंता को दुर्ग से धमतरी, हेमन्त कुमार साहू सहायक अभियंता को भिलाई-चरौदा से नगर निगम दुर्ग और चन्द्रशेखर सारथी सहायक अभियंता को रायगढ़ से नगर पालिका चांपा भेजा गया है। वहीं नवा रायपुर में पदस्थ गगन वासन अब नगर निगम जगदलपुर में सहायक अभियंता के रूप में अपनी सेवाएं देंगे।

### रिसाली कार्यपालन अभियंता को अतिरिक्त प्रभार

प्रशासनिक कार्यों को गति देने के लिए नगर पालिक निगम रिसाली के कार्यपालन अभियंता सुनील दुबे को उनके वर्तमान कार्यों के साथ-साथ संयुक्त संचालक, नगरीय प्रशासन एवं विकास (क्षेत्रीय कार्यालय दुर्ग) के अधीक्षण अभियंता का अतिरिक्त प्रभार भी सौंपा गया है।

## मुख्यमंत्री साय बोले- बंगाल में विकास के नए युग की शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



■ मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और दोनों डिप्टी सीएम अरुण साव, विजय शर्मा के साथ कोलकाता में शपथ ग्रहण समारोह में हुए शामिल

प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा, पश्चिम बंगाल में अब विकास के नए युग की शुरुआत हो गई है। मुख्यमंत्री साय प्रदेश के दोनों डिप्टी सीएम अरुण साव और विजय शर्मा के साथ भाजपा सरकार के शपथ ग्रहण समारोह में शामल हुए। मुख्यमंत्री साय ने कोलकाता पहुंचकर पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री सुवेंदु अधिकारी से शिष्टाचार भेंट की। मुख्यमंत्री ने पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री सुवेंदु अधिकारी सहित शपथ लेने वाले सभी मंत्रिपरिषद सदस्यों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उनके सफल कार्यकाल की कामना की। मुख्यमंत्री ने कहा, यह जनादेश केवल सरकार बदलने का नहीं, बल्कि पश्चिम बंगाल में विकास, सुशासन और नई कार्यसंस्कृति की स्थापना का जनसंकल्प है। मुख्यमंत्री साय ने विश्वास व्यक्त किया, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व और डबल इंजन सरकार की शक्ति से पश्चिम बंगाल विकास की नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेगा। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा, नई सरकार के माध्यम से राज्य के युवाओं को रोजगार के बेहतर अवसर मिलेंगे, किसानों को समृद्धि का नया मार्ग मिलेगा तथा मातृशक्ति को सशक्त और सुरक्षित वातावरण प्राप्त होगा। उन्होंने कहा, पश्चिम बंगाल की जनता ने विकास, पारदर्शिता और सुशासन के पक्ष में अपना स्पष्ट विश्वास व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री साय ने कहा, सुवेंदु अधिकारी के नेतृत्व में पश्चिम बंगाल एक नई ऊर्जा और नई दिशा के साथ आगे बढ़ेगा।

## टीएस के बयान के बाद प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष को लेकर फिर सियासत गरमाई

### पार्टी के भीतर समर्थन और सुझावों में आने लगे नेता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



छत्तीसगढ़ कांग्रेस में संगठन के नेतृत्व को लेकर एक बार फिर बयानबाजी का दौर शुरू हो गया है। पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव ने सार्वजनिक रूप से प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष बनने की इच्छा जाहिर कर सियासी पारा गरमा दिया है।

उनके इस बयान के बाद अब पार्टी के भीतर से ही समर्थन और सुझावों के स्वर उभरने लगे हैं, जिसमें पूर्व कैबिनेट मंत्री अमरजीत भगत का बयान काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। टीएस सिंहदेव ने स्पष्ट किया कि यदि वर्तमान अध्यक्ष दीपक बैज को पद से हटाया जाता है और पार्टी उन्हें जिम्मेदारी सौंपती है, तो वे इसके लिए पूरी तरह तैयार हैं। उन्होंने कहा, अध्यक्ष पद की संभावित सूची में एक नाम उनका भी शामिल रहेगा। उनके इस आत्मविश्वास से कांग्रेस खेमे में नई चर्चा शुरू हो गई है। सिंहदेव की दावेदारी पर प्रतिक्रिया देते हुए पूर्व मंत्री अमरजीत भगत ने बयान दिया है।

उन्होंने कहा कि टीएस बाबा हमारे 'राजा-महाराजा' हैं और उनके परिवार ने सरगुजा अंचल में लंबे समय तक कांग्रेस की मजबूती के लिए काम किया है। उन्होंने आगे कहा, चाहे आदिवासी नेता हो, सामान्य वर्ग का या पिछड़ा वर्ग का अंततः पार्टी आलाकमान जिसे चुनता है, वही कमान संभालता है।

### सरगुजा और बस्तर क्षेत्रीय संतुलन की चुनौती

अमरजीत भगत ने कांग्रेस नेतृत्व को आगाह करते हुए कहा, बीजेपी ने सरगुजा संभाग से आदिवासी मुख्यमंत्री बनाकर बड़ा दांव खेला है। ऐसे में कांग्रेस को भी सरगुजा संभाग पर विशेष ध्यान देना चाहिए। उन्होंने तर्क दिया कि यदि सरगुजा और बस्तर के आदिवासियों को साधने की सही व्यवस्था नहीं की गई, तो पार्टी और जनता के बीच गैप बढ़ सकता है। उन्होंने एक ऐसे अध्यक्ष की जरूरत बताई, जो सभी वर्गों को साथ लेकर चल सके। उन्होंने कहा, मैंने कभी अध्यक्ष बनने के बारे में नहीं सोचा, मैं केवल एक आम कार्यकर्ता हूं। अपने राजनीतिक गुरु स्व. अजीत जोगी का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा, जोगी ने नई पार्टी बनाई तब भी वे कांग्रेस छोड़कर नहीं गए। उन्होंने स्पष्ट किया कि वे हमेशा पार्टी लाइन के साथ रहेंगे और अनुशासनहीनता उन्हें स्वीकार नहीं है।

## रायपुर शहर जिला भाजपा की बैठक में बूथ से लेकर जिले तक बनी कार्ययोजना



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भारतीय जनता पार्टी रायपुर शहर जिला की बैठक में संगठनात्मक कार्यक्रमों में पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण अभियान 2026 के तहत आयोजित होने वाले जिला प्रशिक्षण वर्ग की रूपरेखा एवं मंडल, शक्ति केंद्र तथा बूथ स्तर पर नियमित बैठकों पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक में कैबिनेट मंत्री केदार कश्यप ने पश्चिम बंगाल, असम एवं पुडुचेरी में भाजपा को मिली ऐतिहासिक विजय पर कार्यकर्ताओं को बधाई देते हुए कहा, यह जीत कार्यकर्ताओं के कठोर परिश्रम, समर्पण और जीवटता का परिणाम है। बैठक में रायपुर पश्चिम विधायक राजेश मूणत, रायपुर दक्षिण विधायक सुनील सोनी एवं रायपुर उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए संगठन की मजबूती के लिए बूथ स्तर तक सक्रियता बढ़ाने, नियमित बैठकों के आयोजन और मन की बात कार्यक्रम को जन-जन तक पहुंचाने पर जोर दिया। बैठक में प्रदेश कार्यालय मंत्री एवं जिला प्रशिक्षण वर्ग प्रभारी अशोक बजाज ने 23 एवं 24 मई को आयोजित होने वाले जिला स्तरीय प्रशिक्षण वर्ग की विस्तृत जानकारी दी।

जिलाध्यक्ष रमेश सिंह ठाकुर ने कहा, संगठन की वास्तविक शक्ति बूथ में निहित है। उन्होंने बताया, जिले में बूथों की संख्या बढ़कर 1479 हो गई है, ऐसे में प्रत्येक बूथ पर 25 सदस्यीय सशक्त समिति का गठन, पूर्व समितियों का शुद्धिकरण एवं नवीनीकरण अत्यंत आवश्यक है।

## नक्सली हमले में मृत जवानों के पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने सुप्रीम कोर्ट में शीघ्र अपील करे सरकार

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री धनेंद्र साहू ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को पत्र प्रेषित करते हुए कहा है कि हाल ही में हाईकोर्ट द्वारा नक्सली घटनाओं के आरोपियों को शासन द्वारा नियुक्त जांच एजेंसी एवं अधिवक्ताओं की टीम भी तथ्यों को अदालत के समक्ष प्रस्तुत करने में असमर्थ होने के कारण की टिप्पणी करते हुए बरी कर दिया गया। उन्होंने कहा, यह फैसला एक बार फिर गंभीर चर्चा का विषय बन गया है। जब भी ऐसी बड़ी घटनाओं में बरी होने की खबर आती है, तो यह सवाल उठना लाजिमी है कि क्या हमारी जांच एजेंसियां साक्ष्य जुटाने में कमजोर रही हैं या निर्दोष लोग वर्षों तक जेल में बंद रहे? अक्सर यह देखा गया है कि नक्सली प्रभावित क्षेत्रों में डर के मारे गवाह सामने नहीं आते।

### स्पेशल जांच यूनिट को मजबूत करें

उन्होंने कहा, सरकार को सुझाव देते हुए मांग की है कि नक्सली मामलों में स्पेशल इन्वेस्टिगेशन यूनिट्स को और मजबूत करे, ताकि तकनीकी और वैज्ञानिक साक्ष्य जुटाए जा सकें। नक्सली मामलों के लिए एक विशेष (लीगल) टास्क फोर्स बनाई जाए जो कोर्ट में मजबूत पैरवी करे। उम्मीद है कि आप इस गंभीर विषय पर संज्ञान लेते हुए नक्सली हमला में मृतक केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के जवानों के पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने सुप्रीम कोर्ट में शीघ्र अपील करेंगे।

## री-डेवलपमेंट कार्यों में तेजी लाने जीएम का सख्त निर्देश अधिकारियों के साथ की यात्री सुविधाओं की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर।



दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के महाप्रबंधक तरुण प्रकाश ने शनिवार को रायपुर मंडल के बिलासपुर–रायपुर रेलखंड का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान रेल संरक्षा, परिचालन व्यवस्था, कार्य प्रणाली, स्टेशन री-डेवलपमेंट, अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत प्रगति पर चल रहे कार्यों तथा यात्री सुविधाओं की समग्र समीक्षा की।

संरक्षा निरीक्षण की शुरुआत दाधापारा स्टेशन से हुई। निरीक्षण के दौरान महाप्रबंधक ने चौथी रेलवे लाइन निर्माण कार्य का अवलोकन किया और बिल्हा रेलवे स्टेशन पर अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत चल रहे स्टेशन री-डेवलपमेंट कार्यों का गहन निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माण कार्यों की गुणवत्ता की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। दगोरी–निपनिया स्टेशनों के मध्य स्थित मेजर शिवनाथ ब्रिज पर मिडिल लाइन का निरीक्षण किया। ट्रैक मेंटेनेंस गैंग स्टाफ से प्रत्यक्ष संवाद स्थापित किया गया। महाप्रबंधक ने कर्मचारियों से कार्य में आने वाली चुनौतियों, संसाधनों की उपलब्धता एवं संरक्षा मानकों के पालन संबंधी जानकारी प्राप्त की तथा ट्रैक अनुरक्षण की गुणवत्ता में सुधार के लिए आवश्यक निर्देश दिए।

### जनसमस्याओं को लेकर उपाध्याय ने सौंपा ज्ञापन

पूर्व संसदीय सचिव विकास उपाध्याय के नेतृत्व में कांग्रेसजनों ने रायपुर पहुंचे दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के महाप्रबंधक तरुण प्रकाश को रेलवे संबंधी जनहित मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। उपाध्याय ने बताया कि करीब दस माह पूर्व भी रेलवे से जुड़ी विभिन्न मांगों को लेकर ज्ञापन दिया गया था। उन्होंने रायपुर-हरिद्वार ट्रेन शुरू करने पर रेलवे प्रशासन का आभार जताया, लेकिन यह भी कहा कि फिलहाल ट्रेन केवल सीजनल आधार पर संचालित हो रही है, जबकि आम जनता नियमित संचालन की मांग कर रही है। ज्ञापन में रायपुर, सरोना और तिल्दा-भाटापारा रेलवे स्टेशनों पर सीएसआर फंड से निर्मित सार्वजनिक शौचालयों के अनुपयोगी होने का मुद्दा भी उठाया गया।

## खबर संक्षेप

### दूध बेचकर लौट रहे बुजुर्ग को अज्ञात बाइक सवार ने मारी ठोकर

**महासमंद।** सांकरा थाना क्षेत्र के सल्डीह मार्ग पर दूध बेचकर लौट रहे एक बुजुर्ग को अज्ञात बाइक सवार ने ठोकर मार दी, जिसकी शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम भगतदेवरी निवासी उदार्थो नायक (62 साल) 08 मई 2026 को अपने सायकल में दूध बेचने के लिए ग्राम भैरोपुर गये थे। जहां से शाम करीबन 06:30 बजे घर वापस आते समय भगतदेवरी से सल्डीह जाने के मार्ग में पुलिया के पास अज्ञात वाहन मोटर सायकल के चालक ने अपने वाहन को उपेक्षापूर्ण, लापरवाहीपूर्वक तथा खतरनाक ढंग से चलाते हुए उदार्थो नायक की सायकल को पीछे से ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया। इस घटना से उदार्थो नायक रोड में गिर गये, एक्सीडेंट होने से उनके सिर, दोनों पैर, हाथ, माथे, नाक में चोट लगी, जिन्हें ईलाज के लिए निजी अस्पताल बसना में भर्ती कराया गया। मामले में पुलिस ने अज्ञात मोटरसायकल चालक के खिलाफ अपराध धारा 184, 125(ए) बीएनएस, 281 बीएनएस पंजीबध किया है।

### सब्जी बाजार से तीन लोगों का मोबाइल पार, पुलिस ने दर्ज की शिकायत

**महासमुंद।** सांकरा के सब्जी बाजार से तीन लोगों का मोबाइल फोन किसी अज्ञात व्यक्ति ने चोरी कर लिया, जिसकी शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार भोकलूडीह निवासी खीरसागर साहू 8 मई को शाम करीब 4 बजे सांकरा के साप्ताहिक बाजार सब्जी खरीदने आये थे, जिनके शर्ट की ऊपर पॉकेट में वन प्लस कंपनी का मोबाईल फोन था. जिसकी कीमत 25 हजार रुपए है। उक्त मोबाइल को सांकरा सब्जी बाजार से कोई अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर लिया गया एवं उसी समय आसपास के अन्य व्यक्ति टेकनाथ भोई निवासी बड़ेटेमरी, प्रकाश विशाल निवासी ग्राम चिखली थाना पिथौरा, अभेष निषाद निवासी देवसराल के भी मोबाइलों को कोई अज्ञात व्यक्ति ने चोरी कर लिया। इस पूरे मामले में पुलिस ने अज्ञात आरोपी के विरुद्ध अपराध धारा 303(2) बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है।

### सायकल के फ्रीव्हील से महिला पर किया वार

**महासमुंद।** बलौदा थाना क्षेत्र के ग्राम ग्राम खैरझिटकी में एक महिला के साथ सायकल के फ्रीव्हील से मारपीट की खबर सामने आई है। घायल महिला को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। आरोपी के विरुद्ध केस दर्ज कर लिया गया है। थाने में दर्ज रिपोर्ट के मुताबिक, 8 मई को ग्राम जलगढ निवासी किसान रेशमलाल साहू को विजय बारिक ने फोन कर बताया कि तुम्हारी कुंती साहू को ग्राम खैरझिटकी का नूराधन साहू पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट किया है। घटना की जानकारी होने पर रेशमलाल अपनी पत्नी सुप्रभा साहू के साथ ग्राम खैरझिटकी पहुंचा, जहां देखा उसकी दीदी कुंती साहू घर के परछी में लेटी थी। उसके सिर और हाथ से खून बह रहा था। रेशमलाल को उसके जीजा राजकुमार ने बताया कि घर के सामने रोड में कुंती खड़ी थी। इसी दौरान गांव का नूराधन साहू आया और पुरानी रंजिश को लेकर गाली गलौज कर जान से मार दूंगा कहकर धमकी देते हुए हाथ में रखे सायकल के फ्रीव्हील पाना से सिर,हाथ, कमर और चेहरे में मारकर चोट पहुंचाया। मारपीट करते देख राजकुमार साहू, प्रेमानंद साहू और दीपेश साहू देखे, सुने एवं बीच बचाव किए। कुंती को इलाज के लिए शासकीय अस्पताल सरायपाली ले जाया गया, जहां से जिला अस्पताल महासमुंद रेफर किया गया।

# मियाद खत्म, 74 राइस मिलर्स में 42 ही जमा करा पाए शत-प्रतिशत चावल, 32 को अंतिम नोटिस

**आगामी चार दिन में जमा नहीं करने पर बैंक गारंटी होगी जब्त, ब्लैक लिस्टेड किए जाने की संभावना**

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

रायपुर जिले में उपार्जन केंद्रों से धान के उठाव के बाद कस्टम मिलिंग का चावल जमा करने में राइस मिलर्स द्वारा लगातार कोताही बरती जा रही है। सभी राइस मिलर्स को अनुबंध के तहत 31 मार्च तक उपार्जन केंद्रों से उठाए गए धान के बदले चावल जमा किया जाना था, लेकिन तय अवधि खत्म होने के बाद भी 74 राइस मिलर्स चावल जमा नहीं कर पाए। सहकारी विपणन संघ मर्यादित ने इन राइस मिलर्स को कारण बताओ नोटिस जारी किया था। इस नोटिस पर मिलर्स ने समय-सीमा बढ़ाए जाने की मांग की थी। इस मांग पर एक माह के लिए 30 अप्रैल तक समय-सीमा बढ़ाई भी गई थी, लेकिन इसके बाद भी 74 में 32 मिलर्स अब तक चावल जमा नहीं कर पाए हैं।

### एफसीआई का 13348.44 टन एवं नान का 357.95 टन चावल जमा नहीं

मिलरों ने भारतीय खाद्य निगम(एफसीआई) और नागरिक आपूर्ति निगम(नान) में अलग-अलग मात्रा में चावल जमा नहीं किए हैं। इनमें सबसे अधिक एफसीआई में लगभग 13348.44 टन चावल नहीं हुआ है, वहीं नान में लगभग 357.95 टन चावल जमा किया जाना शेष है।



**अंतिम नोटिस जारी**

एक सप्ताह के भीतर चावल जमा करने अंतिम नोटिस जारी किया है। इसके बाद भी चावल जमा नहीं किया गया तो संबंधित मिलर के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। बैंक गारंटी जब्ती होगी, साथ ही ब्लैक लिस्टेट भी किया जा सकता है।
- जशबीर सिंह बघेल, डीएमओ, मार्कफेड रायपुर

### 500 से 2000 टन तक जमा नहीं किए हैं कई मिलर

चावल जमा नहीं करने वाले मिलर्स में कई मिलर 500 टन से लेकर 2000 टन तक चावल जमा नहीं किए हैं। इनमें महालक्ष्मी पड्डी प्रोसेसिंग कंपनी(एमए448597), एमएस इंडियन राइस इंडस्ट्रीज (एमए443021), अमित एग्रो प्रोसेसिंग (एमए441594), अग्रोहा इंडस्ट्रीज (एमए447586), कोनार्क इंडस्ट्रीज हफ (एमए443028), निर्मला राइस प्रा.लि.(एमए443166), गिंदलानी राइस मिल (एमए444558), गुरूनानक राइस इंडस्ट्रीज (एमए446974) , महालक्ष्मी पड्डी प्रोसेसिंग कंपनी (एमए443458), मां संतोषी उद्योग(एमए443267) जैसे राइस मिलर शामिल है।

### एक सप्ताह में जमा करने के निर्देश, 4 दिन बचे

बचे हुए 32 मिलर्स को चावल जमा करने के लिए सहकारी विपणन संघ ने नोटिस जारी कर एक सप्ताह के भीतर चावल जमा करने के निर्देश दिए हैं। इस नोटिस को जारी हुए तीन दिन हो चुके हैं। अब मिलर्स के पास चावल जमा करने के लिए सिर्फ 4 दिन ही बचे हैं। इन चार दिनों के भीतर सभी मिलर्स को चावल जमा करना है। इसके बाद भी अगर चावल जमा नहीं किया जाता, तो संबंधित मिलर्स की बैंक गारंटी को जब्ती बनाया जाएगा। अधिकारी के अनुसार जिन मिलर्स ने 500 टन से अधिक चावल जमा नहीं किए हैं, उनकी बैंक गारंटी तो जब्ती बनाई ही जाएगी, साथ ही उनके नाम ब्लैक लिस्टेड भी किए जा सकते हैं।

**गांव-गांव में चल रहा पीएम आवास योजना के तहत मकान निर्माण कार्य**

# आवास निर्माण तेज, पक्के घर की आस में पसीना बहा रहे मजदूर

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैसा

झुलसाती गर्मी, सिर पर तेज धूप और तापमान की मार लेकिन इन सबके बीच भी मजदूरों के हौसले ठंडे नहीं पड़ रहे हैं। सुबह सूरज निकलते ही काम पर जुटे ये श्रमिक दोपहर 2 बजे तक लगातार पसीना बहा रहे हैं।

उनके लिए यह सिर्फ काम नहीं, बल्कि अपने परिवार के पेट और भविष्य की लड़ाई है। इन दिनों गांव-गांव में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मकान निर्माण कार्य जोर-शोर से चल रहा है। कच्चे घरों को पक्के आशियाने में बदलने का सपना अब तेजी से हकीकत बनता दिख रहा है। हर गली-मोहल्ले में ईंट, गिट्टी और सीमेंट के बीच मजदूरों की मेहनत साफ झलक रही है।

दोपहर की चिलचिलाती धूप में जहां आमजन घरों में दुबक जाते हैं, वहीं मजदूर खुले आसमान के नीचे दीवारें खड़ी कर रहे हैं। सिर पर गमछा, हाथों में औजार और चेहरे पर थकान के बावजूद काम के प्रति उनकी प्रतिबद्धता देखने लायक है। कई मजदूर बताते हैं कि अगर काम नहीं करेंगे तो घर कैसे चलेगा? यही सोच उन्हें हर दिन नई ताकत देती है। सरकार की इस योजना ने गरीब परिवारों के लिए पक्के घर का सपना साकार करने का रास्ता खोल दिया है। लेकिन इस सपने को जमीन पर उतारने का असली श्रेय इन मेहनतकश हाथों को जाता है, जो दिन-रात जुटे हुए हैं। हर ईंट के साथ उनका पसीना भी जुड़ा है, जो इस निर्माण को और भी मूल्यवान बना देता है।





### पलायन पर लगाम और महिला सशक्तिकरण

इस योजना के चलते ग्रामीण क्षेत्रों में मजदूरी के अवसर भी बढ़े हैं। स्थानीय लोगों को गांव में ही काम मिल रहा है, जिससे पलायन की समस्या में भी कुछ हद तक कमी आई है। महिलाएं भी इस काम में बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रही हैं, जो आत्मनिर्भरता की ओर एक सकारात्मक संकेत है। हालांकि भीषण गर्मी में लगातार काम करना आसान नहीं है। पर्याप्त पानी, छांव और स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी कई बार मजदूरों के लिए मुश्किलें खड़ी करती है। ऐसे में जरूरत है कि संबंधित विभाग और ठेकेदार श्रमिकों की सुविधा और सुरक्षा का भी ध्यान रखें।तपती दोपहरी में बहता यह पसीना सिर्फ ईंट-गारे को नहीं जोड़ रहा, बल्कि हजारों गरीब परिवारों के सपनों को मजबूत नींव दे रहा है। मजदूरों की यह मेहनत ही असल में "पक्का घर" के सपने को साकार कर रही है।

# तरेंगा व वटगन में समाधान शिविर आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार/भाटापारा




राज्य शासन के निर्देशानुसार जन शिकायतों का समयबद्ध एवं प्रभावी निराकरण सुनिश्चित करने तथा आम जनता को सुगम, पारदर्शी एवं त्वरित रूप से सेवाओं क्की उपलब्धता सुनिश्चित कराने हेतु सुशासन तिहार 2026 अंतर्गत जिले के ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में सोमवार 10 तरेंगा एवं वटगन में समाधान शिविर का आयोजन होग़ा।शिविर प्रातः 10 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक़ चलेगा होग़ा। विकासखंड भाटापारा के ग्राम पंचायत तरेंगा शिविर में ग्राम पंचायत टिकुलिया, दतरेंगी, देवरी, पेंडरी, सेमरिया, सूमा, दतरेंगा, सूरजपुरा, खोलवा, कैथी, तरेंगा, कड़ार एवं अमलीडीह (क) शामिल हैं। विकासखंड पलारी के ग्राम पंचायत वटगन शिविर में भवानीपुर, रीवाडीह साहड़ा, लटेरा, कुची, खपरी बैज, बोइरडीह, टीपावन, लकडिया, नवागांव, बलौदी, कौड़यिा, वटगन, जंगलोर एवं खरतोरा शामिल हैं।

■ 28 ग्राम पंचायत के लोग होंगे शामिल

कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने विभागीय अधिकारियों को शिविर क्की बेहतर तैयारी करने और विभागीय जानकारी के साथ उपस्थित रहने के निर्देश दिये हैं। शिविर स्थल पर आवेदन पंजीयन केन्द्र होग़ा। शिविर में जल संचयन की शपथ ली जाएगी। पारंपरिक वेशभूपा में छत्तीसगढ़ी लोक कला, विभागीय योजनाओं एवं जल संचयन एवं संरक्षण आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी होग़ा।

पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, विद्यत विभाग,शिक्षा विभाग, राजस्व विभाग, खाद्य विभाग,स्वास्थ्य विभाग, आदिवासी विभाग, कौशल उन्नयन विभाग, जिला विधिक सेवा,कषि विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, उद्योग विभाग,लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, जल संसाधन विभाग,वन विभाग, समाज कल्याण विभाग, खेल विभाग द्वारा स्टॉल लगाए जाएंगे। शिविर में अधिक से अधिक लोगों क्की उपस्थिति हेतु शिविर आयोजन के पूर्व सभी सम्बधित गांव में मुनादी कराने के निर्देश दिये गए हैं।

# सड़कों पर सरकार करोड़ों कर रही खर्च पर तेंदुआ सुविधा से वंचित

हरिभूमि न्यूज ⏭ गोपालपुर

सरकार आम लोगों के लिए आवागमन के लिए गांव गांव मे सड़क का जाल बिछाया जा रहा है। ताकि लोगों को सुविधा हो सके और सरकार सड़क के लिए सदन में करोड़ों रुपये के बजट पास करती है फिर भी ग्रामीणों को इसका लाभ पूर्ण रूप से नहीं मिल पा रहा है। जिसका उदाहरण है। जनपद पंचायत बिलाईगढ़ के अंतर्गत ग्राम पंचायत पीपरभवना (ते.) के आश्रित ग्राम तेन्दुआ में देखने को मिल रहा है। मोहन साहू ने मौखिक चर्चा के दौरान बताया कि हम लोगों के गांव मे सड़क पहुंच सेवा नहीं होनेके कारण हम सभी लोगों मिलकर गांव मे चंदा इकट्ठा कर गोपालपुर के निजी जमीन को खरीदा और श्रम दान करके सड़क निर्माण कर गांव तक पहुंचाया। जिससे आवागमन में कुछ सुविधा हुआ।जब लक्ष्मण सिंह कुर्रे ने सरपंच निर्वाचित होकर आया तब उन्होंने हम लोगों के परेशानी को देखकर सड़क के स्वीकृत करवाकर निर्माण करवाया लेकिन बरसात के समय में पानी के कटाव से सड़क के आधा कट गया है और नीचे नाला है जो कि 15-20फिट का गहरा है। जो हमेशा दुर्घटना का भय बना हुआ है। कभी भी कुछ भी हो सकता है? जबकि उक्त सड़क को मरम्मत करवाना नितांत आवश्यक है। नहीं तो कभी भी कुछ भी हो सकता है। ज्ञात हो कि मिली जानकारी अनुसार पता चला है कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना हेतु प्रपोजल लोक निर्माण विभाग द्वारा भेज दी गई है। लेकिन स्वीकृति होकर आने मे देरी हो। अतः ग्रामीणों ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत स्वीकृति करने के लिए शासन प्रशासन से मांग की है। ताकि ग्रामीणों को आवागमन करने मे सुविधा हो।

■ ग्रामीणों ने की पक्की सड़क की मांग



# पेंशनर कल्याण संघ की बैठक में संगठन विस्तार और बैंक सुविधाओं पर चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भाटापारा



छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ जिला शाखा बलोदा बाजार भाटापारा एवं तहसील शाखा भाटापारा की संयुक्त बैठक सुभाष बाजार स्थित पेंशनर भवन में रखी गई जिसमें भाटापारा के साथ बलोदा बाजार, सिमगा एवं पलारी तहसीलों के पदाधिकारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। जिला अध्यक्ष प्रकाश जाधव की अध्यक्षता एवं तहसील अध्यक्ष भाटापारा रघुनाथ प्रसाद पटेल के संयोजन एवं संचालन में अनेक आवश्यक विषयों पर सार्थक चर्चा की गई। जिला अध्यक्ष प्रकाश जाधव ने बताया कि उनके कार्यकाल में प्रतिमाह अलग-अलग तहसीलों में मासिक बैठक रखी जा रही है जिसमें सदस्य संख्या में निरंतर वृद्धि पर जोर दिया जा रहा है। जिला शाखा का विस्तार कसडोल में भी किए जाने हेतु अगले माह कार्यकारिणी के दौरे पर जोर दिया गया। तहसील अध्यक्ष रघुनाथ प्रसाद पटेल ने मासिक आय व्यय के साथ पंजीकृत पेंशनर सदस्यों की जानकारी दिया। तहसील अध्यक्ष बलौदा बाजार तारण सिंह ठाकुर ने बैंक से संबंधित जानकारी दिया जिसके अंतर्गत प्रत्येक पेंशनर का संबंधित बैंकों में पेंशनर खाता होना चाहिए जिससे पेंशनरों को बीमा का लाभ मिल सके। बैठक को आसाराम अनंत, जामवंत वर्मा, दिलीप सिंह बिसेन, सेवाराम वर्मा, सिमगा से सहसराम पाटकर, अशोक कुमार कसेर,अवध राम बंजारे एवं पलारी से अनिल कुमार पटेल ने भी संबोधित किया। आज अंतर्राष्ट्रीय मातृ दिवस के उपलक्ष में अपनी मां को याद करते हुए उनके सम्मान में रघुनाथ प्रसाद पटेल ने एक मार्मिक गीत सुनाया। सेवाराम वर्मा ने भी मां को समर्पित गीत प्रस्तुत किया।इसके पूर्व अतिथियों के द्वारा भवन में स्थापित बजरंगबली एवं मां शारदे के छाया चित्रों पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया गया। नए सदस्यों प्रवीण कुमार शर्मा एवं अशोक कुमार कसेर का शाल श्रीफल भेंट कर अतिथियों के द्वारा स्वागत एवं सम्मान किया गया। अंत में संघ के कुछ दिवंगत सदस्यों स्व. दयाराम वर्मा सूरजपुरा,गुलाब सिंह वर्मा दावनबोड, रामगोपाल शर्मा,बलराम सिंह ठाकुर एवं श्रीमती सूरजमुखी दास भाटापारा को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई।इस अवसर पर उमराव सिंह रात्रे,पंडित राधा चरण शुक्ल, बाबूलाल निषाद, सुरेश कुमार बाजपेई, रमेश कुमार वर्मा, परेटन लाल साहू,गिरधारी लाल वर्मा, पुनीत राम सेन, हेमलाल वर्मा, तीजराम साहू, बंसी यादव, एच. एल .महिपाल, धोराजी साहू, डीपी ध्रुव, धन्नालाल निर्मलकर,बलौदा बाजार से कमल सिंह वर्मा, सोनचंद वर्मा, घनश्याम पटेल, एम.एल. बंजारे सहित बड़ी संख्या में पेंशनर उपस्थित रहे।

## पेज 9 के शेष

### मालवाहक में सवारियां ...

हुई है। मालवाहक वाहनों का उपयोग यात्रियों को को ढोने के लिए खुलेआम किया जा रहा है, जो न केवल यातायात नियमों का उल्लंघन है, बल्कि गंभीर हादसों को भी न्योता देता है।

पुलिस द्वारा विशेष अभियान चलाकर चालानी कार्यवाही की जा रही है, लेकिन इसका असर जमीनी स्तर पर नजर नहीं आ रहा है। वाहन चालक पुलिस थाने के सामने से सवारियां ले जाते हैं और पुलिस ताकती रहती है जिससे वहां चालकों की हौसला बुलंद हो जाता है और कार्यवाही से बच निकलते हैं। शादी-ब्याह के मौसम में यह समस्या और गंभीर हो गई है, जहां ग्रामीण क्षेत्रों में लोग सुविधा के अभाव में मालवाहक वाहनों का सहारा ले रहे हैं। शादी के सीजन हो या चौथिया जाना हो या सैर सपाटे में जाते हुए कई दर्दनाक दुर्घटनाएं घट चुकी है फिर भी लोगों को सबक नहीं आई हैं, जिससे प्रशासन की कार्यप्रणाली पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं।हादसों से नहीं ले रहे सबक अक्सर कई स्थानों पर गंभीर सड़क दुर्घटनाएं हो चुकी हैं, जिनमें कई लोगों की जान गई और कई घायल हुए। ऑटो और पिकअप वाहनों के पलटने की घटनाएं भी सामने आई हैं।

इसके बावजूद वाहन चालकों की लापरवाही कम नहीं हो रही है। यह दर्शाता है कि लोगों में अभी भी जागरूकता की कमी है और नियमों का पालन करने की गंभीरता नहीं है।

### जनपदों में लगेंगे ...

पंचायत कसडोल 20 मई, जनपद पंचायत भाटापारा 21 मई एवं जनपद पंचायत बलौदाबाजार में 22 मई 2026 को होग़ा। शिविर प्रातः 10 बजे से अपरान्ह 4 बजे तक चलेगा। शिविर में बुनियादी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गये हैं।



## खबर संक्षेप

### चैंबर प्रदेश कार्यकारिणी समिति की बैठक 12 को

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज की प्रदेश कार्यकारिणी समिति की बैठक 12 मई को दोपहर 12 बजे एमएम फनसिटी बकतरा गोढ़ी रोड रायपुर में आयोजित है। प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी ने चैंबर के सभी कार्यकारिणी सदस्यों से अपील की है कि वे कार्यकारिणी की बैठक में समय पर अवश्य उपस्थित होवें।

### पेट एनिमल की अब कर सकेंगे हैं सम्मानजनक विदाई



**रायपुर।** पशु कल्याण के लिए काम करने वाली एक निजी संस्था ने राज्य में पहली बार मृत पशु तथा पेट एनिमल का सम्मानजनक अंतिम संस्कार करने पेट क्रेमेशन (विद्युत शव दाह) सुविधा शुरू की है। यह सुविधा चंदखुरी स्थित एनिमल वाटिका द्वारा शुरू की गई है। पेट क्रेमेशन सुविधा का उद्घाटन वरिष्ठ पशु चिकित्सक डॉ. पदम जैन ने किया। इस मौके पर अन्य पशु चिकित्सक उपस्थित रहे। संस्था की संचालक कस्तूरी बल्लाल के अनुसार पालतू जानवर केवल पशु नहीं, बल्कि परिवार का हिस्सा है। पेट एनिमल की मौत के बाद सम्मानजनक और स्वच्छ अंतिम संस्कार की सुविधा का अभाव लंबे समय से महसूस किया जा रहा था। इसी आवश्यकता को समझते हुए एनिमल वाटिका ने यह पहल शुरू की है। संस्था द्वारा अब तक सैकड़ों बेसहारा, घायल एवं पालतू पशुओं को दफनाया गया है। बढ़ती संख्या और पर्यावरणीय चुनौतियों को देखते हुए वैज्ञानिक एवं सुरक्षित क्रेमेशन सुविधा शुरू की गई है।

### सफल होना है तो ईर्ष्या नहीं, प्रतिस्पर्धा करें



**रायपुर।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा चौबे कालोनी रायपुर में आयोजित समर कैंप में ब्रह्माकुमारी सविता दीदी ने शनिवार को बच्चों को जीवन में नैतिकता विषय पर अपने आशीर्वचनों से लाभान्वित किया। उन्होंने बच्चों को स्वयं में विशेषताएं भरकर अपने लक्ष्य को हासिल करने के लिए बहुत ही उपयोगी सुझाव दिए। उन्होंने कहा कि किसी की सफलता को देखकर उससे ईर्ष्या नहीं करें। सफल होना है तो रिस (ईर्ष्या) नहीं रेस (प्रतिस्पर्धा) करो। हरेक बच्चे को अपने जीवन में कोई लक्ष्य अवश्य निर्धारित करना चाहिए। लक्ष्य निर्धारित करने से आगे बढने का मार्ग सुनिश्चित हो जाता है। इससे मन यहाँ-वहाँ भटकने की अपेक्षा शान्त चित्त होकर एक ही दिशा में अर्थात लक्ष्य को प्राप्त करने पर विचार करेगा। जीवन में लक्ष्य नहीं बनाया तो उम्र में बड़े तो हो जाएंगे, किंतु सफल व्यक्ति नहीं कहलाएंगे।

### कैट की प्रदेश स्तरीय टीम में वरिष्ठ नेताओं को मिली बड़ी जिम्मेदारी

**रायपुर।** देश के सबसे बड़े व्यापारिक संगठन कैट द्वारा छत्तीसगढ़ में संगठन को और अधिक मजबूती देने और प्रभावशाली बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए प्रदेश के वरिष्ठ व्यापारियों को प्रदेश नेतृत्व में अहम जिम्मेदारी दी गई है। विक्रम सिंहदेव और जितेंद्र दोषी को कैट का प्रदेश चेयरमैन बनाया गया है। वहीं राजेंद्र जग्गी, वासू माखीजा, राम मंधान, भरत जैन, राकेश ओचवानी और शंकर बजाज को प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष बनाया गया है। कैट के राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन अमर पारवानी की अनुशंसा और प्रदेश कोर कमेटी की सहमति एवं मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ इकाई के नए वरिष्ठ पदाधिकारियों की आयोजित बैठक में सर्व सम्मति से यह महत्वपूर्ण निर्णय लेकर मनोनयन किया गया।

**जल संरक्षण :** जल संरक्षण, भू-जल पुनर्भरण और जनसहभागिता से तैयार हो रहा

# जनभागीदारी से जिले में जल संरक्षण हुआ बेहतर, 1.26 लाख जल संरचनाओं का लक्ष्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

जिले में जल संरक्षण और पर्यावरण संतुलन को मजबूत बनाने की दिशा में वन विभाग द्वारा "जल संचय जन भागीदारी" अभियान के तहत व्यापक स्तर पर कार्य किए जा रहे हैं। प्रधानमंत्री की "कैच द रेन- व्हेयर इट फॉल्स, व्हेन इट फॉल्स" अवधारणा के अनुरूप संचालित इस अभियान का उद्देश्य वर्षा जल का अधिकतम संरक्षण, भू-जल स्तर में सुधार तथा जनसहभागिता के माध्यम से स्थायी जल संरचनाओं का निर्माण करना है।

वन विभाग द्वारा वर्ष 2026-27 के लिए बलौदाबाजार वनमंडल अंतर्गत कुल 1 लाख 26 हजार 670 जल संचय संरचनाओं के निर्माण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इनमें विभागीय कार्यों के तहत 1 लाख 5 हजार 670 तथा जनभागीदारी से 21 हजार कार्य पूर्ण किए जा चुके हैं। वर्तमान में लगभग 20 हजार जल संरक्षण संरचनाएं, जिनमें एससीटी, एलबीसीडी, काउंटर ट्रेंच सहित अन्य संरचनाएं शामिल हैं, निर्मित की जा चुकी हैं। इन कार्यों की प्रविष्टि "जल संचय जन भागीदारी" पोर्टल पर भी दर्ज की गई है। विभाग की इस पहल से बलौदाबाजार जनसहभागिता आधारित संरक्षण मॉडल के रूप में उभर रहा है।

**जल संचय जन भागीदारी अभियान के तहत वन विभाग की बड़ी पहल, स्थायी जल संरचनाओं का मजबूत नेटवर्क**





### ग्रामीणों को मिल रहा रोजगार

इस अभियान के अंतर्गत जिले की 28 ग्राम पंचायतों को शामिल किया गया है। कार्यों का संचालन क्षतिपूर्ति वनरोपण कोष प्रबंधन एवं योजना प्राधिकरण तथा महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के तहत किया जा रहा है। इससे स्थानीय ग्रामीणों को रोजगार के अवसर भी प्राप्त हो रहे हैं और ग्रामीण आजीविका को मजबूती मिल रही है। वनमंडल द्वारा वर्ष 2025 से "जल जंगल यात्रा" अभियान के माध्यम से जन-जागरूकता और सामुदायिक सहभागिता को बढ़ावा दिया जा रहा है। अब तक 20 से अधिक जल जंगल यात्राओं का आयोजन किया जा चुका है, जिसमें स्कूली छात्र-छात्राओं, युवाओं, जनप्रतिनिधियों, स्थानीय समुदायों एवं प्रकृति प्रेमियों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। इन यात्राओं के जरिए लोगों को जल संरक्षण, जंगल, जैव विविधता, वेटलैंड्स, मानव-वन्यजीव सहअस्तित्व और प्राकृतिक संसाधनों के सतत उपयोग के महत्व से अवगत कराया गया। इस पहल ने विशेष रूप से युवाओं और ग्रामीण समुदायों में संरक्षण के प्रति सकारात्मक सोच विकसित करने में अहम भूमिका निभाई है।

### बारनवापारा अभ्यारण्य में भी जल प्रबंधन पर फोकस

बारनवापारा अभ्यारण्य में भी वन्यजीवों के लिए जल एवं आवास प्रबंधन के क्षेत्र में प्रभावी कार्य किए जा रहे हैं। बढ़ते तापमान और प्राकृतिक जल स्रोतों पर दबाव को देखते हुए अभ्यारण्य में वैज्ञानिक आधार पर जल प्रबंधन प्रणाली विकसित की गई है। अभ्यारण्य क्षेत्र में तालाब, स्टॉप डैम, वॉटरहोल और सॉसर सहित 240 से अधिक जल स्रोतों का चिन्हांकन कर नियमित मॉनिटरिंग की जा रही है। प्रत्येक 15 दिनों में जल स्रोतों की स्थिति का आकलन किया जाता है तथा हर 5 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में पानी की उपलब्धता सुनिश्चित की गई है। जहां जल स्रोतों में कमी पाई जाती है, वहां टैंकरों के माध्यम से पानी पहुंचाया जा रहा है। वनमंडलाधिकारी धम्मशील गणवीर ने बताया कि "जल संचय जन भागीदारी" अभियान के माध्यम से जल, जंगल और समुदाय को एक साथ जोड़ते हुए स्थायी संरक्षण मॉडल विकसित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जनसहभागिता, वैज्ञानिक योजना और सतत निगरानी के जरिए किए जा रहे यह प्रयास भविष्य में अन्य क्षेत्रों के लिए भी प्रेरणादायक मॉडल सिद्ध होंगे।

### महानदी बेसिन के पुनर्जीवन की दिशा में प्रयास

वन विभाग द्वारा महानदी बेसिन और उससे जुड़े कैचमेंट क्षेत्रों के पुनर्जीवन पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। जल संचय संरचनाओं के माध्यम से वर्षा जल को लंबे समय तक संरक्षित रखने, सतही बहाव कम करने तथा भू-जल पुनर्भरण को बढ़ावा देने का कार्य किया जा रहा है। इससे वन क्षेत्रों में नमी बनी रहेगी और आसपास के गांवों के कुओं एवं हैंडपंपों के जलस्तर में भी सुधार होगा। विभाग का मानना है कि जल संरक्षण आधारित ये कार्य भविष्य में जल संकट को कम करने, स्थानीय पारिस्थितिकी संतुलन बनाए रखने तथा वन एवं वन्यजीवों के आवास को सुरक्षित एवं स्थायी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

# आशीष केसरवानी बने राष्ट्रीय सह संयोजक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

युवा समाजसेवी आशीष केसरवानी को अखिल भारतीय केशरवानी समाज की राष्ट्रीय समिति में महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा गया है। उन्हें राष्ट्रीय युवा जागृति, कैरियर परामर्श, खेलकूद एवं नेतृत्व विकास समिति का राष्ट्रीय सह संयोजक नियुक्त किया गया है। उनका कार्यकाल वर्ष 2025 से 2028 तक रहेगा।



आशीष केसरवानी लंबे समय से समाजहित और जनकल्याण से जुड़े कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाते आ रहे हैं। समाज के प्रति उनकी कर्तव्यनिष्ठा, नेतृत्व क्षमता और विभिन्न सामाजिक गतिविधियों में सहभागिता को देखते हुए यह जिम्मेदारी प्रदान की गई है। उनकी नियुक्ति अखिल भारतीय केशरवानी समाज सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सच्चिदानंद केसरी की सहमति एवं राष्ट्रीय महामंत्री संजय केसरी की अनुशंसा पर की गई। राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री सच्चिदानंद केसरी ने विश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि आशीष केसरवानी महासभा द्वारा सौंपे गए दायित्वों का पूरी निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ निर्वहन करेंगे।

उन्होंने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना भी की।आशीष केसरवानी की नियुक्ति पर समाज के राष्ट्रीय महामंत्री श्री उमेश गुप्ता, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रत्नमाड़ी केसरवानी (लोरमी) सहित समाज के वरिष्ठजनों ने हर्ष व्यक्त करते हुए शुभकामनाएं दीं। इसके अलावा हेमचंद केसरवानी, कार्तिकेय दुबे, विकास सराफ, दलजीत सिंह चावला, अनंत केसरवानी, सूर्या हरिरामानी, अमित बाजपेयी, आशुतोष मिश्रा, राजेश वर्मा, सूर्य प्रकाश अग्रवाल, राकेश सराफ, अभिषेक विद्या एवं अमित केसरवानी सहित अनेक लोगों ने आशीष केसरवानी को उनके सफल कार्यकाल की शुभकामनाएं दीं।

### कार्यकारिणी में इनको किया शामिल

कार्यकारिणी में कोषाध्यक्ष गेवेंद्र साहू, उपाध्यक्ष सुभाष राव, डिगेश्वरी नामदेव, सुमन कोसले, लता पप्पू साहू, माशुकेश गुप्ता एवं अभिषेक जायसवाल होंगे। महामंत्री नीरज बांधे, चितेश्वर साहू, भेनू साहू, देवेंद्र बंजारे, मोहन साहू, तारिणी चंद्राकर, दिगम्बर साहू एवं विशाल डोंगरे को बनाया गया है। सचिवगण गौतम ठेठवार, सोहेल खान, गब्बर सोनी, भूषण बंजारे, पवन मानिकपुरी, ईश्वर पटेल, वरुण नेताम, कमलेश साहू, सुरेश धृतलहरे एवं राजू रजक। कार्यकारिणी दिलीप सोनी, तिलक कन्नौजे, यशवंत वर्मा, कृष्णा टंडन, अभिजीत फ्रैंकलिन एवं अर्जुन सेन को सदस्य बनाया गया है।

## आकर्षण का केंद्र बना गुलमोहर का फूल ...

**मुंडा।** आदर्श ग्राम पंचायत मुंडा के मेंन रोड विशाल ध्रुव घर के पास रोड किनारे में गुलमोहर का पेड़ लगा हुआ है जिसमें पूरा पेड फूलों से सज सा गया है, रोड में आने-जाने वाले लोगों का मन मोह ले रहे हैं।



## प्रयास विद्यालय प्रवेश परीक्षा में 178 छात्र हुए शामिल



**बलौदाबाजार।** प्रयास आवासीय विद्यालय प्रवेश परीक्षा का आयोजन 10 मई 2026 को किया गया। इस परीक्षा में जिले के 178 विद्यार्थी शामिल हुए। परीक्षा के लिए पंडित चक्रपाणि शुक्ल हायर सेकण्डरी स्कूल बलौदाबाजार को परीक्षा केन्द्र बनाया गया था। इस परीक्षा के लिये कुल 214 छात्रों ने पंजीयन कराया था जिसमें 178 उपस्थित एवं 36 अनुपस्थित रहे। कड़ी निगरानी एवं चाक -चौबंद व्यवस्था के साथ परीक्षा शांतिपूर्ण सम्पन्न हुआ। परीक्षा के नोडल अधिकारी अरुण कुमार सोनकर एवं सहायक आयुक्त आदिवासी विकास सूरज दास मानिकपुरी ने केंद्र का औचक निरीक्षण किया।

# बंगाल चुनाव परिणाम के बाद प्रथम आगमन पर मंत्री टंकराम का हथबंद में स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हथबंद

पश्चिम बंगाल चुनाव परिणाम के पश्चात प्रथम आगमन पर माननीय कैबिनेट मंत्री एवं बलौदाबाजार विधानसभा क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक टंकराम वर्मा का ग्राम हथबंद में भाजपा कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीणों द्वारा भव्य स्वागत, वंदन एवं अभिनंदन किया गया। मंत्री जी के आगमन पर बाजे-गाजे, फूल-माला, आतिशबाजी एवं "जय श्री राम" के जयघोष से पूरा क्षेत्र भक्तिमय और उत्साहपूर्ण माहौल में रंग गया। कार्यकर्ताओं ने गुलदस्ता भेंट कर आत्मीय स्वागत किया तथा बंगाल में मिली ऐतिहासिक विजय की खुशियाँ मिठाई बांटकर मनाई।



इस अवसर पर मंत्री टंक राम वर्मा जी ने कहा कि यह ऐतिहासिक जीत भाजपा कार्यकर्ताओं के अथक परिश्रम, समर्पण एवं जनता के विश्वास का परिणाम है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी सदैव राष्ट्रहित, विकास और जनसेवा के संकल्प के साथ कार्य करती रहेगी। कार्यक्रम का संचालन भाजपा कार्यकर्ता जीतू यादव द्वारा किया गया। कार्यक्रम में, जनपद अध्यक्ष डॉ. दौलत राम पाल, जिला पंचायत सदस्य डॉ मोहन वर्मा,मंडल अध्यक्ष हेमंत बघमार, महामंत्री युगल किशोर वर्मा, सरपंच डोमार मारकंडे, मनीष साहू, सरपंच प्रतिनिधि नरेश अनंत, जनपद सभापति अंजू बबलू पटेल, विद्या वर्मा, नोना यादव, डॉ. उत्तम कुमार विश्वास,हरीश वैष्णव, सरोज साहू, नवापारा उप सरपंच, लोकनाथ वर्मा,भागवत बंजारे, राज किरण महिलांगे संतु निषाद,भावेश साहू, मोनू समुद्र, संतराम ध्रुव, मुलचंद टंडन, अवध राम ध्रुव, प्रकाश पाल, हरिशंकर वर्मा, प्यारेलाल बघमार, संतन बांधे, उत्तम यदु, चोवाराम ध्रुव, त्रिलोचन वर्मा, भगोली कुर्रे, होरीलाल वर्मा, नरसिंह वर्मा, अमर सिंह नेताम, नुमान वर्मा, चैन कुमार सिन्हा, घनश्याम वर्मा, राजु तिवारी,रामकुमार साहू, तिलक वर्मा, टाकेश्वर वर्मा, प्रेम लहरी, दिलेश्वर वर्मा, संतोष वर्मा एवं जितेंद्र वर्मा सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

**व्यापारियों की समस्याओं पर चर्चा**

# जिले में अमरजीत सिंह छाबड़ा का स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

छत्तीसगढ़ अल्पसंख्यक आयोग के प्रदेश अध्यक्ष एवं चैंबर ऑफ कॉमर्स छत्तीसगढ़ के सलाहकार अमरजीत सिंह छाबड़ा का शनिवार शाम निजी कार्यक्रम के तहत जिला मुख्यालय आगमन हुआ। उनके आगमन पर चैंबर ऑफ कॉमर्स बलौदाबाजार इकाई द्वारा आत्मीय एवं भव्य स्वागत किया गया।

चैंबर ऑफ कॉमर्स के पदाधिकारियों एवं व्यापारियों ने अंबेडकर चौक स्थित चैंबर उपाध्यक्ष शंकर दुलानी के निवास पर श्री छाबड़ा का स्वागत एवं सम्मान किया। इस अवसर पर जिले के व्यापारिक वातावरण, व्यापारियों की समस्याओं, चुनौतियों तथा संभावनाओं को लेकर विस्तृत चर्चा एवं परिचर्चा आयोजित की गई। व्यापारियों ने स्थानीय स्तर पर आ रही विभिन्न समस्याओं से भी उन्हें अवगत कराया। अपने संबोधन में अमरजीत सिंह छाबड़ा ने व्यापारियों को आश्वस्त करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व वाली राज्य सरकार व्यापारियों के हितों की सुरक्षा और उनके व्यवसायिक विकास के लिए प्रतिबद्ध है।



उन्होंने कहा कि सरकार व्यापारिक गतिविधियों को बढ़ावा देने तथा व्यापारियों की समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए लगातार कार्य कर रही है। श्री सलूजा ने अपने अनुभव साझा करते हुए बलौदाबाजार चैंबर इकाई को संगठनात्मक मजबूती एवं व्यापारी हितों के संरक्षण को लेकर महत्वपूर्ण मार्गदर्शन भी दिया।

इस अवसर पर चैंबर ऑफ कॉमर्स बलौदाबाजार इकाई के अध्यक्ष लक्ष्मी साहू, उपाध्यक्ष उमेश अग्रवाल, पीयूष मिश्रा एवं शंकर दुलानी, मीडिया प्रभारी दलजीत सिंह चावला एवं दिलीप माहेश्वरी, सिंधी समाज अध्यक्ष इंदु इंजवानी, मुकेश वर्मा सहित बड़ी संख्या में व्यापारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

